# UP TGT-PGT Daily Rank Booster, Hindi Day -4

ENTRI

GET IT ON Google Play

1. **पुनुरुक्ति शब्दों के बीच में किस चिन्ह का प्रयोग होता है?**

A **योजक चिन्ह**

B विवरण चिन्ह

C उपविराम

D लोप चिन्ह

ENTRI

## Solution

योजक चिह्न ( - )- दो शब्दो के परस्पर संबंध बताने या उन्हें एक दूसरे के पूरक बताने के लिए इस चिन्ह का उपयोग किया जाता है।

जैसे-

दिन-रात सिर्फ बैठे रहने से कुछ नहीं होगा।
रात-रात भर जाग कर मेहनत की है।
सुबह-सुबह कौन इतना चिल्लाता है भाई?

2. **'नेपाली' किस भाषा परिवार की भाषा है?**

A द्रविड़

B अफ़्रीकी-एशियाई

C चीनी-तिब्बती

D **भारोपीय**

## Solution

'नेपाली' भारोपीय परिवार की भाषा है। हिन्द-यूरोपीय (या भारोपीय) भाषा-परिवार संसार का सबसे बड़ा भाषा परिवार (यानी कि सम्बंधित भाषाओं का समूह) हैं। हिन्द-यूरोपीय (या भारोपीय) भाषा परिवार में विश्व की सैंकड़ों भाषाएँ और बोलियाँ सम्मिलित हैं।

आधुनिक हिन्द यूरोपीय भाषाओं में से कुछ हैं: हिन्दी, उर्दू, अंग्रेज़ी, फ़्रांसिसी, जर्मन, पुर्तगाली, स्पैनिश, डच, फ़ारसी, बांग्ला, पंजाबी, रूसी, इत्यादि। ये सभी भाषाएँ एक ही आदिम भाषा से निकली है, उसे आदिम-हिन्द-यूरोपीय भाषा का नाम दे सकता है। यह संस्कृत से बहुत मिलती-जुलती थी, जैसे कि वह संस्कृत का ही आदिम रूप हो।

3. **खड़ी बोली गद्य की पहली रचना है-**

A **चंद छंद बरनन की महिमा**

B गोरा बादल की कथा

C कुतुबशतक

D भाषायोग वसिष्ठ

## Solution

खड़ी बोली गद्य की प्रथम रचना चंद छंद बरनन की महिमा है।

इसके लेखक गंग कवि है।

गंग कवि अकबर के दरबार के हिंदी कवि थे। इनका जन्म और निधन-तिथि तथा जन्मस्थान विवादास्पद है। गंग अकबर के दरबारी कवि थे और रहीम खानखाना इन्हें बहुत मानते थे।

चंद छंद बरनन की महिमा नामक खड़ी बोली का एक ग्रंथ भी इनका लिखा बताया जाता है पर इसमें अनेक विद्वानों को संदेह है , क्योंकि जहाँगीर इनकी इसकी रचना से अत्यंत रुष्ट हुए और उन्हें हाथी से कुचलवा कर मार डालने का दंड दिया।

4. **बघेली बोली किस भाषाई क्षेत्र में बोली जाती है?**

A पंजाब

B **रीवा**

C छत्तीसगढ़

D तमिलनाडु

## Solution

बघेली या बाघेली बोली, हिन्दी की एक बोली है जो भारत के बघेलखण्ड क्षेत्र में बोली जाती है। बघेले राजपूतों के आधार पर रीवा तथा आसपास का क्षेत्र बघेलखंड कहलाता है और वहाँ की बोली को बघेलखंडी या बघेली कहलाती हैं। इसके अन्य नाम मन्नाडी, रिवाई, गंगाई, मंडल, केवोत, केवाती बोली, केवानी और नागपुरी हैं।

बघेली बोली का उद्भव अर्ध मागधी अपभ्रंश के ही एक क्षेत्रीय रूप से हुआ है। यद्यपि जनमत इसे अलग बोली मानता है, किंतु भाषा वैज्ञानिक स्तर पर पर यह अवधी की ही उपबोली ज्ञात होती है और इसे दक्षिणी अवधी भी कह सकते हैं।

बघेली बोली के क्षेत्र के अंतर्गत रीवाँ अथवा रीवा, नागोद, शहडोल, सतना, मैहर तथा आसपास का क्षेत्र आता है। इसके अतिरिक्त बघेली बोली महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और नेपाल में भी बोली जाती है। भारत में इसके बोलने वालों की संख्या 3,96,000 है।

5. **'हल्दीघाटी' के रचयिता हैं-**

A **मालिक मुहम्मद जायसी**

B अकबर

C तुलसीदास

D श्यामनारायण पाण्डेय

ENTRI

## Solution

हल्दीघाटी हिन्दी का वीर रस का खण्डकाव्य है जो श्यामनारायण पाण्डेय की रचना है। लेकिन यह बहुत कम लोग जानते हैं कि हल्दीघाटी युद्ध का आंखों देखा हाल बदायूं के अब्दुल कादिर बदायूनी ने लिखा है। यह युद्ध 18 जून 1576 ईस्वीं में मेवाड़ और मुगलों के बीच हुआ था।

इसमें मेवाड़ की सेना का नेतृत्व महाराणा प्रताप ने किया था। हल्दीघाटी भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध राजस्थान का वह ऐतिहासिक स्थान है, जहाँ महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की लाज बचाये रखने के लिए असंख्य युद्ध लड़े और शौर्य का प्रदर्शन किया।

6. **'अनुपम' का उचित पर्यायवाची शब्द समूह है-**

A **अनोखा, अतुल**

B आग, पावक

C अजित, अपराजित

D पीयूष, सोम

ENTRI

## Solution

'अनुपम' का सही पर्यायवाची शब्द समूह है - अनोखा, अतुल

'अनुपम' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं - अपूर्व, अनूठा आदि।

7. **दिए गए समश्रुत भिन्नार्थक शब्द का उचित अर्थ ज्ञात कीजिए।**

**गुरु- गुर**

A आचार्य - अनुज

B **आचार्य - उपाय**

C बड़ा - मीठा

D दीर्घ - मीठा

**Solution**

गुरु का अर्थ - आचार्य

गुर का अर्थ - उपाय

कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनमें स्वर, मात्रा अथवा व्यंजन में थोड़ा-सा अन्तर होता है। वे बोलचाल में लगभग एक जैसे लगते हैं, परन्तु उनके अर्थ में भिन्नता होती है। ऐसे शब्द 'समश्रुत/श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द' कहलाते हैं।

8. **दिए गए समश्रुत भिन्नार्थक शब्द का उचित अर्थ ज्ञात कीजिए।**

**कटक - कंटक**

A **सेना का समूह - काँटा**

B कटु - मधु

C सेना का समूह - कटु

D कडुआ - सैन्य

ENTRI

## Solution

कटक का अर्थ - सेना का समूह

कंटक का अर्थ - काँटा

कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनमें स्वर, मात्रा अथवा व्यंजन में थोड़ा-सा अन्तर होता है। वे बोलचाल में लगभग एक जैसे लगते हैं, परन्तु उनके अर्थ में भिन्नता होती है। ऐसे शब्द 'समश्रुत/श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द' कहलाते हैं।

9. **कौन-सा शब्द हमेशा एकवचन में प्रयुक्त होता है?**

A होश

B बाल

C अश्रु

D **बारिश**

## Solution

‘बारिश’ शब्द एकवचन है।

जैसे -

धीरे-धीरे बारिश ने तुफानी सूरत अख्तियार की। – यहाँ ‘बारिशों ने तुफानी सूरत’ उपयुक्त नहीं होगा, अतः माल शब्द एकवचन है।

10. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें, जो सही पुल्लिंग वाला विकल्प है:**

A भीलनी

B नाई

C विदुषी

D सफाई

## Solution

'नाई' शब्द पुल्लिंग है जिसका स्त्रीलिंग शब्द 'नाइन' या 'नाऊँन' होगा।

जिन संज्ञा शब्दों से पुरुष जाति का पता चलता है,पुल्लिंग होते हैं।

उदाहरण- लड़का, आदमी, मकान आदि।

ENTRI

GET IT ON Google Play